**खबर संक्षेप**

## इंजी. कमलेश तेकाम बनें प्रदेश अध्यक्ष

**मण्डला।** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद में इंजी. कमलेश तेकाम की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम ने की है। बता दें कि श्री तेकाम वर्तमान में गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी मंडला के जिला अध्यक्ष के पद में विराजमान हैं इसी के साथ वे जिला पंचायत मंडला में उपाध्यक्ष के पद में भी कार्यरत हैं। इनकी नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नेतृत्व क्षमता और समर्पण से पार्टी को नई ऊंचाईयां मिलेगी। आपके नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और उत्साह मिलेगा। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने मध्यप्रदेश में संगठन को मजबूत बनाने के लिये युवा नेतृत्व के हाथों में कमान सौंपी है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से श्री तेकाम बिछिया विधानसभा से दो बार विधानसभा का चुनावी लड़ चुकें हैं। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर सिंह मरकाम ने मध्यप्रदेश गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की जवाबदारी युवा नेतृत्व कमलेश तेकाम को सौंपकर आगामी विधानसभा चुनाव में मजबूती के साथ मध्यप्रदेश में गोंगपा के पक्ष में करने के उद्देश्य से दिया है। अध्यक्ष नियुक्त होने पर समस्त गोंगपा के कार्यकर्ताओं ने बधाई व शुभकामनायें प्रेषित की है। नियुक्ति संबंधी सवाल के जबाव में श्री तेकाम ने कहा कि पार्टी ने उन पर विश्वास जताया है और वे इस विश्वास को कायम रखेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की छोटी मोटी समस्याओं को भी अब पूरी ताकत के साथ हल किया जाएगा।

### सिनेमा के पर्दे पर चमकेंगे मण्डला के कलाकार

# मण्डला में एक प्रेम कहानी-'कुख्यात'

*** मण्डलावासी ने लिखी कहानी मण्डला में होगा फिल्मांकन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



फिल्मी नगरी मुम्बई जिसे माया नगरी के नाम से भी जाना जाता है इस नगरी तक पहुंच पाना ही पहले बहुतों का सपना होता था फिल्मों में काम करने वाले कलाकारों की जीवन शैली और उन्हें नजदीक से जो देख पाता था वह अपने आपको भाग्यशाली मानता था। आज भी सिनेमा के कुछ सितारे ऐसे हैं जिनके घरों के सामने जाकर लोग अपनी फोटो खिचवाते हैं और उसे विरासत के नाम पर सहेजकर रखते हैं।

लेकिन अब समय बदला है आज का युवा अपनी माटी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करना चाहता है यह युवा अपनी संस्कृति को ही साथ लेकर सफलता के मुकाम पर पहुंचना चाहता है वह अपनी माटी की सुंदरता उसकी पवित्रता से देश-विदेश के लोगों को परिचित कराना चाहता है।

ऐसा नहीं कि पहले हमारे यहां प्रतिभायें जन्म नहीं देती थीं लेकिन इस तरह की प्रतिभायें बड़े शहरों तक ही जाकर सीमित रह गईं उनके माध्यम से न तो हमारे नगर हमारे जिले को कोई पहचान मिली और न ही उनके सफल होने से हमारे स्थानीय युवाओं को उसका कोई फायदा मिला हो।

लेकिन कुछ ऐसे लोग होते हैं जिन्हें इतिहास बदलने की ललक होती है ऐसे ही कुछ युवा जिनके दिल में इस तरह की ललक थी समय ने उनको एक मंच पर लाया और अब वे मिलकर एक नया इतिहास रचने जा रहे हैं।

मण्डला के उपनगर महाराजपुर के निवासी नीरज श्रीवास्तव किसी परिचय के मोहताज नहीं संगीत के क्षेत्र में इन्हें विशेष योग्यता हासिल है और इसी कला के सहारे इन्होंने काफी दिनों तक मुम्बई नगरी में काम किया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया लेकिन मन में तो कुछ और ही संकल्प पल रहा था कुछ ऐसा करना चाह रहे थे जिससे मण्डला को देश-विदेश के लोग न केवल जाने बल्कि यहां की संस्कृति और यहां के प्राकृतिक सौन्दर्य से वे परिचित हो सकें। हम सभी जानते हैं कि मण्डला को माँ नर्मदा का विशेष आर्शीवाद प्राप्त है और अनेकों ऐसे क्षेत्र हैं जो न केवल दर्शनीय हैं बल्कि बिरले हैं।

इसी सोच ने नीरज के मन में एक कहानी को जन्म दिया और नीरज ने इस कहानी को पर्दे पर उतारने का मन बनाया संगीत में तो पहले से ही रूचि थी लिहाजा फिल्म के लिये गाने भी लिख डाले उन गानों को कम्पोज भी कर लिया गया अब बात आई फिल्म बनाने की तो आज के समय में फिल्म बनाना किसी आम युवा के लिये सहज नहीं है इसके लिये न केवल बड़े-बड़े संसाधन आवश्यक होते हैं बल्कि बड़े लोगों के सहयोग से एक बड़ी राशि भी चाहिये होती है।

लेकिन कहते हैं न कि जहां चाह होती है वहां राह मिल ही जाती है। बघेलखण्ड क्षेत्र के एक ऐसे ही प्रतिभाशाली युवा जिनका सपना ही अभिनय था और जिन्होंने हाल ही में इस क्षेत्र में अच्छा खासा नाम कमाया है इनकी 02 फिल्मों ने अच्छी खासी प्रसिद्धी हासिल की यह नाम है अविनाश तिवारी जो सीधी के रहने वाले हैं और छोटी उम्र से ही अभिनय एवं थियेटर से जुड़े रहे हैं। जब नीरज और अविनाश का मिलन हुआ और नीरज ने अपनी कहानी उन्हें सुनाई तो अविनाश तुरंत ही इसे फिल्म के रूप में बनाने तैयार हो गये और न केवल तैयार हुये बल्कि निर्माता की पूरी जिम्मेदारी संभाल भी ली। अब कहानी जो थी वह इनके किरदार को सूट कर रही थी लिहाजा मुख्य भूमिका में अविनाश ने ही अभिनय करने का मन बनाया अभिनेत्री के तौर पर कहानी की मांग के अनुसार दक्षिण भारतीय संस्कृति का दर्शन कराती हिरोइन चाहिये थी जिसके लिये लगभग 150 लड़कियों का ऑडिशन लिया गया और उसमें चयन कर अभिनेत्री के रूप में कल्पना तिवारी को अपनी टीम से इन्होंने जोड़ा।

मण्डला क्षेत्र के ही एक और प्रतिभाशाली युवा जो पुलिस की नौकरी कर रहे हैं और नौकरी के साथ-साथ न केवल संस्कृति बल्कि अपने जिले का एक नाम हो इसको लेकर प्रयासरत हैं। ये हैं विकास सिंगौर जो कि बम्हनी क्षेत्र के रहने वाले हैं और वर्तमान में रीवा क्षेत्र में पोस्टेड हैं। इस फिल्म में इन्होंने एक पुलिस अधिकारी की ही भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं इन सभी युवाओं की यही चाहत है कि इस फिल्म के माध्यम से न केवल स्थानीय प्रतिभाओं से लोग परिचित हो सकें बल्कि हमारी विरासत और हमारी संस्कृति से जुड़ाव महसूस कर सकें यही कारण है कि इन्होंने फिल्म में और जो किरदार हैं उसके लिये स्थानीय लोगों को ही चुना है आगामी 10 मार्च से फिल्म का फिल्मांकन मण्डला में ही प्रारंभ हो जायेगा नीरज श्रीवास्तव जिन्होंने न केवल कहानी लिखी है बल्कि स्क्रीन प्ले एवं गाने भी इनके द्वारा ही लिखे गये हैं निश्चित रूप से संवाद भी इन्हीं के शब्दों में होंगे।

नीरज का विशेष प्रयास होगा कि मण्डला के विभिन्न ऐसे क्षेत्र जो कि अलौकिक हैं और अकल्पनीय हैं इन्हें कैमरे के माध्यम से लोगों तक पहुंचाया जाये कैमरा भी अत्यंत उच्च कोटि का इस्तेमाल किया जायेगा जो कि बाहुबली जैसी सफल फिल्मों में इस्तेमाल किया गया है।

## नारायणगंज जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने किया बड़ी माई मे औचक निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/नारायणगंज

दिनांक 2 मार्च 2025 रविवार को जनपद पंचायत नारायणगंज के अध्यक्ष आसाराम भारती एवं उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा के द्वारा बड़ी माई मे चल रहे सौंदर्य करण के अंतर्गत बाउंड्री वॉल निर्माण एवं पेवर ब्लॉक के कार्य का औचक निरीक्षण किया गया एवं कार्यों को गुणवत्ता पूर्वक तरीके से करने के निर्देश दिए।

बड़ी में नदी के किनारे होने की वजह से यहां पर बाढ़ की स्थिति बनी रहती है जिसके कारण पुरानी बाउंड्री बाल क्षतिग्रस्त हो चुकी है जिसको देखते हुए नई बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य करने का निर्णय लिया गया है जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने जनपद मत से यह कार्य करने का आश्वासन दिया था जिसे पूर्ण किया जा रहा है निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत खैरी की सरपंच श्रीमती शांति बाई सचिव अनिल शर्मा फारूक मंसूरी चीनी सोनी अरविंद बर्मन मनीष बर्मन एवं गांव के बहुत से लोग उपस्थित रहे।




# ऑडिट के नाम पर जबरन वसूली, आईडी पासवर्ड संबंधितों नहीं दिये जा रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

जिले के शिक्षा विभाग में नियमों की अनदेखी और भ्रष्टाचार कोई नई बात नहीं। विभिन्न योजनाओं से संचालित आश्रमों एवं छात्रावासों में व्याप्त अनियमितता से शासन-प्रशासन अच्छी तरह परिचित है लगातार इस तरह के मामले प्रकाश में आते रहे हैं लेकिन जांच के नाम पर होती लीपापोती से न तो भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सका है और न ही इस तरह की अनियमितता करने वालों को दण्डित ही किया गया है।

अब इस तरह का एक और मामला चर्चा में है जबकि जिला शिक्षा केन्द्र में संविदा लेखापाल के पद पर कार्यरत इन महाशय के विरूद्ध गंभीर शिकायतें जिला कलेक्टर को की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विकासखण्ड स्तर पर लेखापाल पदस्थ होने के बावजूद कस्तूरबा गांधी एवं बालिका छात्रावासों में उपयोग होने वाली सामग्री का भुगतान जो कि डीजीगो एवं आईएफएमएस पोर्टल से किया जाता है जिसके लिये एक आईडी एवं पासवर्ड की आवश्यकता होती है छात्रावास की वार्डन को यदि आईडी एवं पासवर्ड पता हो तो वह इन पोर्टल के माध्यम से वित्तीय संचालन कर सकती हैं और विकासखण्ड स्तर पर ही इसके लिये लेखापाल नियुक्त किये गये हैं लेकिन शिकायत में आरोप यह लगाया जा रहा है कि संविदा लेखापाल द्वारा कस्तूरबा गांधी एवं बालिका छात्रावासों की आईडी पासवर्ड स्वयं रखते हुये मनमर्जी से बिलों का भुगतान किया जाता रहा है। छात्रावास की वार्डन को जिला मुख्यालय आकर इनके माध्यम से ही वित्तीय कार्य कराना पड़ता है जिससे न केवल समय की बर्बादी होती है बल्कि छात्रावासों की व्यवस्थायें भी प्रभावित होती हैं। शिकायत में यह भी आरोप लगाया है चूंकि छात्रावास की वार्डन को ज्यादा वित्तीय कार्यों की समझ नहीं होती लिहाजा ऑडिट के नाम पर इन्हें डरा-धमकाकर साल में 2 से 3 बार अच्छी खासी राशि वसूली जाती है। शिकायतकर्ता ने शिकायत में यह भी उल्लेख किया कि जो बिल भुगतान हेतु वार्डन द्वारा दिये जाते हैं उनके अलावा भी जिला शिक्षा केन्द्र से फर्जी बिल लगाकर उनका भुगतान कराया जाता रहा है बिलों को देखकर समझा जा सकता है कि फर्जीवाड़ा स्पष्ट रूप से हुआ है अब मवई विकासखण्ड के किसी छात्रावास में यदि स्टेशनरी बीजाडांडी की किसी दुकान से पहुंचाई जा रही है 160 किलोमीटर दूर दुकान स्टेशनरी लाने का वार्डन को दिमाग आखिर आया कहां से।



छात्रावास की वार्डन से इस तरह हो रही अवैध वसूली पर डीपीसी जिला शिक्षा केन्द्र का कहना है कि शिकायत के बाद अब यह व्यवस्था बंद कर दी गई है अब वित्तीय कार्य विकासखण्ड में पदस्थ लेखापालों के माध्यम से संपन्न कराया जायेगा। वार्डन को जिला मुख्यालय आने की आवश्यकता नहीं।

## आवारा जानवरों से परेशान नगरवासी, पंचायत प्रशासन खामोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/नारायणगंज



नारायणगंज नगर में सबसे ज्यादा आवारा सांड, सूअर व कुत्ते हैं। इसके बाद गायों का नंबर आता है। नगर में कुछ लोगों ने गाय पाल रखी हैं, लेकिन अधिकांश लोग दूध निकालने के बाद गायों को डंडा मारकर सड़क पर इधर-उधर चारे के लिए मुंह मारने को छोड़ देते हैं। सड़क और सार्वजनिक स्थलों पर मंडराते आवारा पशु लोगों की जान के लिए खतरा बन गए हैं। सब्जी मंडी में सांडों का आतंक इस कदर है कि लोग सब्जी खरीदने के लिए आने से कतरा रहे हैं। इसी प्रकार गली मोहल्लों में भी आवारा पशुओं का जमावड़ा रहता है। आवारा पशु झुंड में रहते हैं जो किसी पर अटैक करें तो बचना मुश्किल है। दूसरी ओर कुत्तों का आंतक हर गली मोहल्ले में है। नारायणगंज नगर में बढ़ते आवारा पशु लोगों की जान के लिए बड़ा खतरा है। आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला या जंगल में छोड़ने की ड्यूटी पंचायत प्रशासन की है लेकिन पंचायत प्रशासन की लापरवाही से क्षेत्र में आवारा जानवर दिन पे दिन बढ़ रहे हैं।

**आयोजन** | **माँ नर्मदा आरती के दो माह पूर्ण होने पर सुहागलें का हुआ आयोजन।**

# संतोषी माता घाट में मातृ शक्तियों का हुआ समागम

*** नर्मदा तटों को स्वच्छ रखने का लिया संकल्प।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



महाराजपुर नर्मदा संगम तीर्थ स्थित संतोषी माता घाट में माहिष्मती घाट मंडला की तर्ज पर नर्मदा जी की प्रतिदिन भव्य आरती नर्मदा भक्तों के द्वारा की जा रही है, जन सहयोग से मां नर्मदा जी की आरती के दो माह पूर्ण होने पर महाराजपुर क्षेत्र की मातृशक्तियों ने सुहागलों का आयोजन किया जिसमें सैकड़ो की संख्या में क्षेत्र की मातृशक्तियों शामिल हुई। सुहागले की पूजा अर्चना के साथ भगवान शिव जी की रूद्री निर्माण कर पूजन किया गया तत्पश्चात मां नर्मदा जी की भव्य आरती की गई इस अवसर पर डॉक्टर रेखा चौरसिया एवं रेणुका परमार ने मां नर्मदा के तट को स्वच्छ सुंदर बनाए रखने का संकल्प दिलाया एवं कुटुंब प्रबोधन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में मात्र शक्तियों के कर्तव्य एवं योगदान पर प्रकाश डाला कार्यक्रम पश्चात मातृ शक्तियों द्वारा भजन कीर्तन कर प्रसाद एवं भोजन वितरण किया गया जिसमें बड़ी संख्या में नर्मदा परिक्रमा वासी भी शामिल हुए।



## प्रभारी कलेक्टर ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज का निरीक्षण

**मण्डला।** प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अस्पताल में उपस्थित मरीजों और उनके परिजनों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत नारायणगंज गौरीशंकर डेहरिया सहित संबंधित उपस्थित थे।



## अभियान में 35 नाबालिगों को विभिन्न राज्यों से ढूंढ़कर परिजनों से मिलवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

पुलिस मुख्यालय द्वारा गुम/अपहत नाबालिग बालक बालिकाओं को तलाश कल उनके परिजनों सुपूर्द करने हेतु लगातार ₹मुस्कान₹ अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी तारतम्य में माह फरवरी 2025 में मंडला पुलिस द्वारा एसपी मंडला के निर्देशन ₹मुस्कान₹ अभियान चलाया गया। अभियान मुस्कान के तहत माह फरवरी में जिलें में गुम/अपहत 35 नाबालिक बालक बालिकाओं को ढूंढ़कर परिजनों से मिलवाकर लौटाई मुस्कान। अभियान मुस्कान दिनांक 01 फरवरी से 28 फरवरी तक चलाया गया जिसका उद्देश्य गुम हुए नाबालिक किशोर एवं किशोरियों को ढूंढ़कर सकुशल लाना था। जिसमें जिले के सभी थानों पर गुम या अपहत नाबालिगों की तलाशी के लिए साइबर सेल एवं थाना स्तर पर टीम का गठन किया गया। टीम ने प्रकरण में प्राप्त जानकारी के आधार पर देश के विभिन्न राज्यों में माह में 20 से अधिक टीम को देश के अलग अलग राज्यों में रवाना कर महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तरप्रदेश, आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना, केरल, छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के अलग अलग जिलों से कुल 35 गुम/अपहत जिनमें 02 बालक एवं 33 बालिकाओं को सकुशल ढूँढकर परिजनों के सुपूर्द किया गया। थाना महाराजपुर द्वारा 01 प्रकरण, थाना बम्हनी 06 प्रकरण, थाना खटिया के 03 प्रकरण, थाना नैनपुर 03, थाना बिछिया के 07 प्रकरण, मवई 01 प्रकरण, थाना घुघरी के 03 प्रकरण, निवास के 03 प्रकरण, थाना मोहगांव 04 प्रकरण, थाना बीजाडाड़ी के 03 प्रकरण एवं थाना टिकरिया के 01 प्रकरण में टीम द्वारा दस्तयाबी की गयी।

खबर संक्षेप

## सीतारेवा नदी पुल पर निकल रहे राड़े बड़ी घटना को कारण बनने की संभावना से नहीं किया जा सकता है इंकार ...?

**चीचली।** अक्सर देखा जाता है कि प्रशासन में बैठे हुये अधिकारियों द्वारा जिस तरह सच्चाई को नजर अंदाज किया जाता है वह निश्चित तौर से एक बड़ी घटना का कारण बनने से नही चूक पता है? वही जब कोई बड़ी घटना घटित हो जाती है तो बाद में जिम्मेदार नेताओं से लेकर अधिकारियों द्वारा उस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुये अपनी कुंभकर्णीर् निंद्रा को भंग करते हुये उसके सुधार को लेकर प्रयास करना शुरू करते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के समीप सीतारेवा नदी पर बना हुआ पुल जो क्षेत्र के एनटीपीसी पावर प्लांट से लेकर अन्य गांवों को चीचली से जोड़ता है और इस पुल के ऊपर से प्रतिदिन दर्जनों गांवों के हजारों लोगों का चीचली आना जाना होता है। बताया जाता है कि इस पुल के ऊपर निकले हुये गड्डो से इस समय लोहे की राडे निकलते हुये एक बड़ी घटना की ओर संकेत देते हुये देखे जाने के बाद भी उनके सुधार को लेकर न तो प्रशासन द्वारा कोई कदम उठाना उचित समझा जा रहा है और न ही क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा इस ओर ध्यान दिया जा रहा है इस तरह इस पुल की अनदेखी किसी दिन बड़ी घटना का कारण बनने से चूकने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। जबकि देखा जावे तो इस पुल से जहां प्रतिदिन अधिकारियों से लेकर जिम्मेदारों को निकलते हुये देखा जाता है जो अपने वाहनों से इन गड्डो के बीच से सावधानी पूर्वक निकलकर चले जाते है।

## रेत ढोने वाले वाहनों की मनमानी के चलते छोटे वाहन चलाक परेशान

**कौडिया।** इस समय जिस प्रकार से क्षेत्र के नदियों में बैध व अवैध रूप से जो रेत का खनन चल रहा है उसके चलते जहां शासकीय संपदा का दोहन होते हुए तो देखा ही जा रहा है? वही दूसरी ओर क्षेत्र के नदियों का भविष्य भी पूर्णरूप से संकट में नजर आ रहा है? मगर इसके बाद भी क्षेत्र की जनता का चुप रहना चिंता क विषय बना हुआ है। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो क्षेत्र की सड़कों पर रेत ढोले वाले वाहनों में जिस प्रकार से ओवर लोडिंग करते हुए रेत की ढ़लाई की जा रही वह आम लोगों को परेशानी का कारण बनाते हुए किसी दिन बड़ी दुर्घटना को अंजाम देने की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? इस संबंध में बताया जाता है कि गाडरवारा ककरा मार्ग से ढोई जा रही रेत के डम्फरों की स्थिति इस प्रकार से देखने मिलती है कि उनको इस प्रकार से भरा जाता है कि जब वह डम्फर अपनी गति से दौड़ते है तो रेत के उड़ने के कारण आसपास से गुरजने वाले छोटे वाहनों चालकों की आंखों में रेत भरने से उन्हें वाहन चलना मुश्किल हो जाता है, वही रेत की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई देखी जा रही है कि व सड़कों पर गिरने के कारण वाहन आये दिन फिसलते हुए नजर आते है? जबकि यह क्षेत्र पलोहा पुलिस थाने के अंतर्गत आने के बाद भी पहोला पुलिस की उदासीनता के चलते इस प्रकार से ओवर लोडिंग वाहनों के चलते किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

## मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं देखे जा रहे ग्रामीण, शासन की योजनाओं पर लग रहा प्रश्न चिन्ह?

**सांईखेड़ा।** भले ही सरकार द्वारा आम लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुये अनेक प्रकार की योजनाएं चलाते हुए लगातार विकास के बादे किये जा रहे है। मगर यदि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की सच्चाई पर जाया जावे तो वह योजनाएं कागजो तक ही सीमित नजर आने से नही चूक रहे है तथा इसी के चलते शासन द्वारा चलाई जा रही संपूर्ण योजनाओं पर प्रश्न चिन्ह लगने से नही चूक रहा है? इस बात की सच्चाई जनपद पंचायत सांईखेड़ा क्षेत्र के तहत आने वाले अनेक ग्रामों में ग्रामीणजन मूल भूत सुविधाओं से वंचित हैं, ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के बाद भी ग्रामीणजन रोजगार की तलाश में पलायन को मजबूर हैं। वही दूसरी ओर ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिये ना तो अधिकारी पहल कर रहे हैं और ना ही जनप्रतिनिधि, इसी वजह से ग्रमीणों को शासकीय राशन दुकानों से खद्यान्न, कैरोसीन, शक्कर, पेयजल के साथ-साथ स्वास्थ्य जैसी आम सुविधाओं के लिये भी कठिनाइंयों का सामना करना पड़ रहा है?

**आरोपियों के पास से जप्त की गई सात लाख कीमत की दस मोटर साईकिलें, पहली बार देखने मिला की जप्त की गई मोटर साईकिलों में गाडरवारा नगर से चोरी शामिल**

# पुलिस ने शातिर मोटर साईकिल चोर गिरोह के दो सदस्य को पकड़ने में हासिल की बड़ी सफलता







**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा**

इस समय चल रहे नगर में धार्मिक आयोजन के बीच गाडरवारा पुलिस के हाथ एक बड़ी सफलता हासिल लगी है। बताया जाता है कि गाडरवारा नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा सातिर चोर गिरोह के दो सदस्यों को पकड़ते हुये उनके पास से अलग अलग जगहों से पार की गई मोटर साईकिले जप्त करने में सफलता तो हासिल की गई है। मगर यह पहला अवसर है कि जब पुलिस द्वारा जप्त की गई 10 मोटर साईकिलों में 8 गाडरवारा शहर से चोरी हुई मोटर साईकिले भी शामिल है। क्योंकि अक्सर देखा जाता था कि जब पुलिस द्वारा इस तरह बाइक चोर गिरोह को पकड़ने में सफलता तो हासिल की जाती थी। मगर उनके पास से जो मोटर साईकिले जप्त होती थी वह स्थानीय न होकर अन्य जिलों की ही जप्त हो पाती थी। इस स्थिति में नगर में जिन लोगों के मोटर साईकिल चोरी जाती थी वह सदा ही खाली के खाली हाथ दिखाई देने से नही चूकते थें..? वही पकड़े गये आरोपियों के संबंध में बताया जाता है कि यह एक बड़े चोर गिरोह के सदस्य है जो गाडरवारा सहित अन्य जिलों में भी इस तरह बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में शामिल रहे है। इस तरह गाडरवारा पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता का खुलासा करते हुये बीते हुये रविवार को जिला पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया द्वारा पत्रकार वार्ता के दौरान अपनी जानकारी में बताया गया कि इस समय संपूर्ण जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने हेत पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाते हुये संदिग्धों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस जब गाडरवारा पुलिस द्वारा नगर के वायपास मार्ग जमाड़ा रोड पर वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान एक मोटर साईकिल पर दो लोग सबार होकर जा रहे थे। वही पुलिस को देखकर जब यह युवक कुछ भयभीत से नजर आने पर वाहन चैकिंग दल द्वारा इन्हें रोककर पूछताछ की गई तो इन लोगों ने अपना नाम रोहित पिता नर्मदा प्रसाद अहिरवार उम्र 19 साल निवासी डोला बाबा गाडरवारा तथा दूसरे ने अपना नाम गुलशन पिता अशोक चांदौरिया उम्र 25 साल निवासी देव मुरलीधर स्कूल के पास मुदरई रोड गोटेगांव निवासी बताया गया। वही पुलिस टीम द्वारा जब इन संदिग्धों से अपने पास रखे हुये बगैर नम्बर प्लेट की स्प्लेण्डर मोटर के कागज के संवंध में पूछताछ कीग ई तो संतोष जनक जबाव नही देने के चलते पुलिस को इन पर संदेह गहराता चला गया। इसी के चलते जब इन लोगों को अपनी हिरासत में लेते हुये प्रथक प्रथक पूछताछ की गई तो रोहित अहिरवार एवं गुलशन चांदौरिया के द्वारा अपने पास रखे हुये मोटर साईकिल को बीते हुये 12 फरवरी की शाम नगर के पुराना बस स्टैंड से चोरी करने की बात स्वीकार की गई। इस तरह पुलिस द्वारा वाहन करने की बात स्पष्ट होने के चलते लगातार पूछताछ किये जाने पर इन आरोपियों द्वारा बीते हुये एक साल के अंदर हमारे नरसिंहपुर के विभिन्न स्थानों से 08 मोटर साईकिले तथा समीपस्थ जबलपुर जिले से 01 एवं रायसेन से 01 इस तरह कुल 10 मोटरसाईकलें चोरी करने की बात स्वीकार कीग ई है। इसी के चलते उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक के नेतृत्व में बनाई गई टीम में शामिल ए. एस. आई. पुनीत कटारे, राजेश शर्मा, स. राकेश दीक्षित, हरिशंकर बटके तथा प्रधान आरक्षक भास्कर पटेल, परमानंद तथा वरिष्ठ आरक्षक राकेश झा, आरक्षक दिनेश पटेल, प्रदीप गुप्ता, नसीम अख्तर, ऐश्वर्य वेंकट, महिला आरक्षक कुमुद पाठक द्वारा दोनों आरोपियों के पास से चोरी की गई लगभग सात लाख कीमत की दस मोटर साईकिले जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। वही आरोपियों को गिरपतार करते हुये मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर आगे भी पूछताछ की जा रही है। जप्त की गई मोटर साईकिलों में ब्जाज कम्पनी की प्लेटीना लाल रंग की जिसका इंजन नम्बर PFYPKE24241, चैचिस नम्बर MD2A76AY9KPE38028, होण्डा साईन काले हरे रंग की इंजन नम्बर HC15EG1312345, चैचिंस नम्बर ME4HC152FRG312210, हीरो स्पेलंडर काले रंग की इंजन नम्बर HA11EYL4K12653 व चैचिंस नम्बर MBLHAW127L4K1328, स्पेलंडर प्लस काले सिल्वर रंग की इंजन नम्बर HA11E8R5H55750 व चैचिंस नम्बर MBLHAW233R5H05582 हीरो पैसन प्रो काले रंग की इंजन नम्बर HA10EVFHL26054 व चैचिस नम्बरMBLHA10B5FHL23651, टीवीएस रेडान काले रंग की जिसका इंजन नम्बर BK2DR3X01076 एवं चैचिस नम्बर MD625BK23R3D01129, हीरो एचएफ डीलक्स काले रंग की जिसका इंजन नम्बर HA11ESM9A01382 एवं चैचिस नम्बर MBLHAW145M9A16364 एवं रजिस्ट्रेशन नम्बर MP49MS6433, टीवीएस स्पोर्टस नीले रंग की जिसका इंजन नम्बर AK2HR1103881 एवं चैचिस नम्बर MD625CK25R1H04126 एवं रजिस्ट्रेश नम्बर MP49ZE3983, Bajaj कंपनी की सीटी 100 काले रंग की जिसका इंजन नम्बर PPYRKG39746 एवं चैचिस नम्बर MD2B37AY2KRH81970 एवं रजिस्ट्रेशन नम्बर MP49MQ7748 है तथा Hero स्प्लेंडर मोटर साइकिल MP49MS6217 शामिल है। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया कि आरोपियों द्वारा मुख्यतः चोरी की घटना को अंजाम सार्वजनिक स्थानों, शराब दुकानों के आस-पास अथवा शादी गार्डनों को चिह्नित करते थे, जहाँ लोग अपनी मोटर साईकल लापरवाही से बिना लॉक किये खड़ी कर देते थें। उन मोटर साईकिलों को इनके द्वारा पार किया जाता था। इस तरह अलग अलग स्थानों से पार की गई मोटर साईकिलों को पार करने वाले प्रदेश स्तरीय चोर गिरोह टीम के दो सदस्यों को गाडरवारा पुलिस पकड़ने में सफल हुई है। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया कि पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिये तो अपनी मुहिम लगातार जारी रखे हुये है। मगर वाहन मालिकों की भी इसमें लापरवाही देखने मिलती है कि वह अपने वाहन को बगैर लाक किये हुये कही भी खड़ा करने से नही चूकते है। वही पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया कि जिस मोटर साईकिल में व्हील लॉक रहता है उसे चोरी करने में यह लोग आसानी से सफल नही होते है। यदि सभी लोग अपने बाइकों में व्हील लॉक की व्यवस्था बनाने तो निश्चित ही बाइक चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग सकता है। इस दौरान उन्होनें पत्रकारों से नगर की अन्य व्यवस्थाओं सहित गतिविधियों के संबंध में सुझाव व जानकारी ली गई। इस दौरान पत्रकारों ने जिला पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया कि नगर में चलने वाले आटों से लोगों को सबसे अधिक परेशानी इसलिये करते हुये देखा जा रहा है, क्योंकि आटों चालकों द्वारा अपने आटों में अतिरिक्त तेज लाईट लगाये गये है। इन लाईटों के चलते जब कोई छोटा वाहन चालक इन आटों के सामने पड़ता है तो उसे रास्ता दिखाई देना बंद हो जाता है जिसके चलते सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनने से नही चूक पाती है। वही दूसरी ओर नगर में बुलुट गाड़ियों में फटाखा की आबाज निकालने वाले साईलेंसर से लोग रात के समय अपने घरों में सो नही पा रहे है। इस बात को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा आटों में अतिरिक्त लाईटों सहित तेज बुलट गाड़ियों में लगे हुये तेज आवाज वाले साईलेसरों के खिलाफ जल्द की कार्यवाही करने का भरोसा दिया गया।

# मां दुर्गा देवी भागवत कथा व शत चंडी यज्ञ में भक्तों का उमड़ रहा जन सैलाब







**गाडरवारा।** स्थानीय पलोटन गंज शक्तिधाम दरबार परिसर में चल रहे माँ दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान आयोजित हो रही मां दुर्गा देवी भागवत कथा एवं शत चंडी यज्ञ में भक्तों का सैलाब उमड़ते हुये दिखाई दे रहा है। आयोजन के पहले दिन कथा वाचक पंडित दीनबंधु शरण शर्मा श्रीधाम वृंदावन ने देवी भागवत कथा का महत्व बताते हुये कहा कि यदि देवी भागवत कथा का श्रवण किया जाता है कि व्यक्ति के जन्म जन्माँतर के पुण्य उदय होते हैं। मगर यह कथा सुनने का अवसर हर व्यक्ति को नही मिलता है। बडे ही सौभाग्य है कि यह पुण्य गाडरवारा के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा भगवान श्रीकृष्ण पर स्यामन्तक मणि चोरी का कलंक लगने पर वासुदेव द्वारा देवी पुराण कराने से कलंक हटा था। इसी प्रकार से कल रविवार को कथा में महाभारत के शांतनु, धृतराष्ट्र, व गांधारी की कथा सुनाई गई। वही महाराज श्री ने कहा माता पिता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। अच्छे, पुण्य कार्य करते रहना सबसे बड़ा कर्म है हिंदू धर्म में पूजा-पाठ, उपवास और धार्मिक अनुष्ठान का विशेष महत्व होता है। ऐसी मान्यता है कि धार्मिक अनुष्ठान करते समय देवी-देवताओं की विशेष कृपा प्राप्त होती है और जीवन में चल रही कई तरह की बाधाएं खत्म हो जाती हैं। हिंदू धर्म में अलग-अलग प्रयोजनों के लिए विशेष पूजा-पाठ की जाती है, मां दुर्गा से संबंधित पाठ करने के बारे में बताते हुए मां दुर्गा को शक्ति की देवी बताया है। इसी के चलते मां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए जिस यज्ञ का आयोजन किया जाता है, उसे सत चंडी यज्ञ कहा जाता है। शक्ति धाम मंदिर के सामने निर्मित की गई भव्य यज्ञ शाला में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो जाते है। धर्म प्रेमी जन यज्ञशाला की परिक्रमा एवं देवी भागवत कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ कमा रहे हैं । शक्ति धाम परिवार द्वारा संगीतमय श्रीदेवी पुराण का विशाल आयोजन 1 मार्च से शुरू हुआ है जो 7 मार्च तक चलेगा। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 6 तक मंदिर परिसर कथा स्थल पर प्रवचन कथा वाचक पंडित दीनबंधु शरण शर्मा श्रीधाम वृंदावन द्वारा हो रहे है। इसके अलावा शत चंडी महायज्ञ में यज्ञाचार्य पंडित भगवान दास शास्त्री इंदौर के सानिध्य में अनुष्ठान किया जा रहा है।

# चीचली पुलिस ने चंद घंटों के उपरांत चोरी की घटना का किया खुलासा, आरोपी के पास से जप्त किये जेवर





**चीचली।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जब पुलिस अपनी पर आ जाती है तो अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वालों की खेर नही रहती है। इसी लिये कहा जाता है कि कानून के हाथ लम्बे होते है। इस बात को चीचली थाना प्रभारी संग्राम सिंह की टीम द्वारा सही साबित करते हुये चोरी की घटना का चंद घंटो के अंदर खुलासा करते हुये आरोपी को गिरप्ता करते हुये उसके पास से चोरी किये गये जेबर भी जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। घटना के संबंध में पुलिस द्वारा जारी किये गये अपने प्रेस नोट में उल्लेख किया गया है कि बीते हुये रविवार को चीचली के ही वार्ड क्रमांक 9 मस्जिद मोहल्ला निवासी प्रार्थी फरीद खान पिता खुदाबगस खान उम्र 45 साल द्वारा अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया था कि किसी अज्ञात चोर द्वारा शनिवार रविवार की दरम्यानी रात यानि की 1 मार्च की रात अज्ञात चोर द्वारा घर के अंदर रखी हुई अल्मारी का ताला तोड़ते हुये उसमें रखे हुये सोने चांदी की जेबर कीमत लगभग 90 हजार रूपया के चोरी कर लिये गये। घटना को लेकर पुलिस द्वारा प्रार्थी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला कायम करते हुये जांच में लेते हुये थाना प्रभारी संग्राम सिंह द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वही जिला पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका द्वारा आरोपियों को शीघ्र गिरप्तार करते हुये चोरी का समान जप्त करने के आदेश दिये गये। इस आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के कुशल नेतृत्व में अज्ञात चोर की खोजबीन के एक टीम का गठन किया गया। इस टीम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी संग्राम सिंह के आलवा सउनि गोविंद मरावी, आरक्षक मोहित यादव, आरक्षक आदर्श पाठक, सोनम गुप्ता को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय करते हुये संदिग्धों के संबंध में जानकारी एकत्र की गई। वही संदेह के चलते प्रार्थी के पडौस में असरफ खाँ उर्फ छोटू को अपनी हिरासत में लेकर जब पूछताछ की गई तो आरोपी द्वारा शुरूआती तौर पर तो पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया गया। मगर कहा जाता है कि जब पुलिस द्वारा निष्ठा के साथ किसी मामले में जुटती है तो फिर पत्थर भी बोलते हुये नजर आने से नही चूकते है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई यहां पर देखने मिली और संदेह के आधार पर पकड़कर पूछताछ करने वाले आरोपी असरफ खा.द्वारा प्रार्थी के घर चोरी करने की बात स्वीकार करते हुये चोरी किये गये जेबर भी पुलिस को दे दिये गये। इस तरह चीचली थाना प्रभारी संग्राम सिंह की टीम ने नगर में घटित हुई चोरी की घटना को चंद घंटों के अंदर ही खुलासा करते हुये पडौस में ही रहने वाले आरोपी असरफ खां उर्फ छोटू खां पिता इब्राहिम खां निवासी ढोंगा मोहल्ला को गिरप्तार करते हुये उसके पास से चोरी किये गये सोने चांदी के जेबर जप्त करते हुये आरोपी को मा.न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर इस बात को लेकर पूछताछ की जा रही है कि कही आरोपी अन्य चोरी की घटनाओं में शामिल तो नही है..?

# नियम विपरीत वाहनों में लगे हुये लाईट बन रहे दुर्घटनाओं के कारण



**मनकवारा**

क्षेत्र की सड़को पर दौड़ने वाली वाहनों की मनमानी पर अंकुश लगाने में प्रशासन की असफलता का परिणाम है कि वाहन चालक पूर्णरूप से अपनी मनमानी पर उतारू दिखाई देने से नही चूक रहे है क्योंकि सड़को पर दौड़ने वाले कई वाहनो की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि वह निर्धारित नियमों के विरूद्ध संचालित होने के साथ साथ यह खस्ताहाल वाहन जहां पर्यावरण को बिगाड़ रहे है, वही ये दुर्घटानाओ के कारण भी बनने से भी नही चूक है? क्योंकि जिस प्रकार से वाहन चालकों द्वारा अपने वाहनों में नियम विरूद्ध लाईट लगाये हुये है उसके चलते आये दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित होने का प्रमुख कारण सामने आने से नही चूक पाता है, जहां अनेक चार पहिया वाहन इस प्रकार से होते है जिनका मात्र एक ही हेड लाईट चलते हुये देखा जाता है जिसके चलते इस प्रकार के वाहन को अधिकांश समय लोग दो पहिया वाहन समझते हुये अपनी मोटर साईकिल को काटता है तो वह दुर्घटना का शिकार होने से नही चूकता है? वही दूसरी ओर अनेक वाहनों में निर्धारित माप दंडों के अतिरिक्त तेज रोशन वाली लाईट लगे होते है जो सामने से आने वाली वाहन चालक को रास्ता दिखना ही बंद हो जाता है, उसके कारण वह दुर्घटना का शिकार होने से नही बच पाता है? इस प्रकार की सच्चाई सबसे अधिक सड़को पर दौड़ रहे आटों में देखने मिल रहा है, क्योंकि आटों चालकों द्वारा अपने आटों में मनमाफिक रूप से आटों के ऊपर व अन्य जगहों पर जो अतिरिक्त लाईट लगाये हुये है वह छोटे वाहन चालकों के खिलाफ खतरा का कारण बनने से नही चूक रहे है? इस प्रकार की सच्चाई के चलते क्षेत्र के लोगों द्वारा शासन प्रशासन से अपेक्षा जताते हुये आटों व चार पहिया वाहनों में जिस प्रकार निर्धारित नियमों को दर किनार करते हुये अतिरिक्त लाईट लगाये गये है उनकी जांच के लिये एक मुहिम चलाते हुये कार्यवाही की जावे जिससे आये दिन घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके।



## थाना प्रागंण में पुलिस अधीक्षक ने ली गई ग्राम कोटवार सहित नगर रक्षा समिति सदस्यो की बैठक

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही हो या फिर आयोजन के दौरान ग्राम कोटवार सहित नगर रक्षा समिति के सदस्यों का विशेष सहयोग रहता है। इसी के चलते बीते हुये दिवस जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के द्वारा स्थानीय थाना प्रांगण महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर डमरू घाटी में आयोजित मेला तथा मंदिर में उमड़े भक्तों के सैलाब को संभालने के साथ साथ यातायात कानून व्यवस्था को बनाने में ग्राम कोटवारों के आलवा नगर रक्षा समिति के सदस्यों को विशेष सहयोग प्राप्त होने के चलते जिला पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया सहित नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा सभी का सहयोग के लिये धन्यवाद प्रेषित कर बैठक के माध्यम से प्रोत्साहित किया गया । इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्राम नगर एवं रक्षा समिति के सदस्यों को सक्रिय रहकर क्षेत्र की गतिविधियों की जानकारी पुलिस को त्वरित दिये जाने बात कहते हुये उन्होंने कहा कि पुलिस क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। गांव में शराब एवं जुआ जैसे कुरीतियों पर अंकुश लगाने एवं असामाजिक तत्वों के बारे में जानकारी दें ताकि ऐसे लोगों के विरूद्व सख्त कार्यवाही की जा सके। क्योंकि वर्तमान परिदृश्य में हो रहे धोखाधड़ी, सायबर क्राईम, चिटफण्ड, एटीएम फ्राड, फर्जी बैंक काल के संबंध में आमजन को जागरूक करते हुये सावधान रहने के लिये कहा जावे तथा इस तरह के कृत्यों में शामिल लोगों की यदि जानकारी मिलती है तो पुलिस को अवगत कराया जावे। क्योंकि आपके सहयोग से इस प्रकार के अपराधों से बचा जा सकता है। इस मौके पर गाडरवारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अनेक गांवों के ग्राम कोटवारों के आलवा नगर रक्षा समिति के सदस्यगण मौजूद थें।

# मानव सेवा समिति के निःशुल उपचार शिविर में 123 मरीजों को मिला लाभ, निः शुल्क दबाईयों का किया वितरण



**गाडरवारा।** मानव सेवा समिति कान्हरगाव के युवाओं द्वारा भगवान सत्य साई बाबा के बताये हुए मार्ग मानव सेवा ही माधव सेवा है को चरितार्थ करते हुये। हर माह के प्रथम रविवार को साई सेवा केन्द्र साई धाम मंदिर (कान्हरगाव) में निः शुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जाता है। इसी प्रकार से बीते हुये रविवार को 67 वें कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में 4 शहरों सहित 26 गावों के लगभग 123 मरीजों ने पहुंचकर अपना उपचार करवाया तथा समिति द्वारा सभी मरीजों को अपनी ओर से निःशुल्क दबाईयों का वितरण पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुये कागज से तैयार किये गये पैकिटों में वितरण किया गया। वही बताया जाता है कि आयोजित किये गये इस मेडीकल कैम्प में मरीजों का उपचार करने के लिये नगर के जाने माने शिशु रोग विशेषज्ञ डाक्टर उपेन्द्र बस्त्राकार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डाक्टर ज्योति पुआरे, डा,अरूण दोहरे के आलवा सहयोगी राहुल गोस्वामी, प्रशांत सोनी, आकाश रजक तथा शिव स्व सहायता समूह कि सदस्यों एंव कान्हरगांव के मानव सेवा समिति के युवाओं ने अपनी सेवायें प्रदान कि। मेडीकल कैम्प में रायसेन, उदयपुरा, बनखेडी, जबलपुर, इटारसी, भूतखेड़ा, धनौरा, पलोहा, ढुरसुरी, सूखाखेरी, दहलबाड़ा, बगलई, घुटगों, चीचली, चौरास, कामती, बघोरा, मनकापुर, इमलिया, अमरबाड़ा, सैठान, परसबाड़ा, महगवां कला, कान्हरगाव सहित अनेक गावों के मरीजों ने पहुंचकर अपना उपचार कराया गया।

## नगर की सड़क किनारे बढ़ते हुये अतिक्रमण को नजर अंदाज किये जाने की सच्चाई से विकास को सफल बनाया जा सकता है...?

**गाडरवारा।** इस समय नगर में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण की सच्चाई इस प्रकार से देखी जा रही है कि नगर में खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर जिसे जहां मर्जी हो रही है वहां पर अपना कब्जा जमाने से नही चूक रहा है, इस प्रकार से नगर की मुख्य माने जाने वाली सड़कों के किनारे लोगों द्वारा अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये किये जाने वाला अतिक्रमण आम लोगों की जिन्दगी के लिये पूर्ण रूप से खतरा साबित होने से नही चूक रहा है, मगर इस सच्चाई को जिस प्रकार से प्रशासन द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है वह चिंता जनक सच्चाई उजागर करने से नही चूक पा रहा है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के प्रमुख माने जाने वाले वायपास मार्ग पर रिलांइस पेट्रोल पंप के पास देखा जा रहा है, जहां पर बताया जाता है कि किसी पंचर सुधारने वाले व्यक्ति द्वारा किया गया अतिक्रमण निश्चित ही किसी दिन कोई बड़ी घटना को अंजाम देने से नही चूक पायेगा..? क्योंकि जिस जगह यह अतिक्रमण करते हुये दुकान बनाई गई है।

## खबर संक्षेप

### हत्या के आरोपी को पुलिस ने कुछ ही घंटे मे किया गिरफ्तार

**अमरकंटक।** ग्राम खाटी थाना अमरकंटक के भूतपूर्व सरपंच द्वारा हत्या की सूचना फोन से दिया था कि ग्राम ढदडूटोला, गढीदादर में आरोपी रामखिलावन बैगा द्वारा अपनी पत्नी दुर्गावती की मारपीट कर हत्या कर दी है। सूचना तस्दीक हेतु ढडूटोला ग्राम गढीदादर ग्राम पंचायत खाटी पहुँचकर किया जो सूचना सही पाये जाने पर 34/25 धारा 103 (1) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर मृतिका के शव का पी.एम. सी.एच.सी. पुष्पराजगढ़ से कराया गया । प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना अमरकंटक पुलिस स्टाफ द्वारा आरोपी की तलाश कर कुछ घंटे के भीतर ही आरोपी रामखिलावन पिता रानू बैगा उम्र 38 वर्ष निवासी ढदडूटोला, गढ़ीदादर ग्राम पंचायत खाटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग पुष्पराजगढ़ के निर्देशन में थाना प्रभारी अमरकंटक एलबी तिवारी के नेतृत्व में उप निरीक्षक पी.एस. बघेल, सहायक उपनिरीक्षक भगवान सिंह पाटले, प्रधान आरक्षक पूरन सिंह, आरक्षक कृष्णा सिंह, रवि पटेल के द्वारा की गई ।

### भगवा पार्टी जिलाध्यक्ष ने की मंत्री प्रहलाद पटेल के भीख वाले बयान की निंदा



**अनूपपुर।** मप्र शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा जनता के मांग पत्रों को भीख बताए जाने पर भगवा पार्टी के जिला अध्यक्ष कमलेश द्विवेदी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। जिला अध्यक्ष ने कहा, मंत्री का यह बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और जनभावनाओं के विरुद्ध है। जनता ने आपको चुन कर भेजा है आप जनप्रतिनिधि है और जनता आपसे अपने अधिकारों की मांग कर रही है, कोई भीख नहीं। सरकार का कर्तव्य है कि वह जनहित के मुद्दों को गंभीरता से ले और जनता की समस्याओं का समाधान करे, न कि उनके मांग पत्रों को उपेक्षा से खारिज करे। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव के समय नेताओं द्वारा विनम्रता दिखाना और वोट मांगने के लिए जनता के चरणों में झुकना आम बात हो गई है, लेकिन जब जनता अपने हक की बात करती है, तो उसे भीख मांगने की आदत बता दिया जाता है। यह राजनीति में दोहरे मापदंड का उदाहरण है। भगवा पार्टी के जिला अध्यक्ष कमलेश द्विवेदी ने मीडिया के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से इस बयान पर संज्ञान लेने और मंत्री प्रहलाद पटेल से माफी मांगने की मांग कही है। उन्होंने कहा कि यदि मंत्री अपने बयान पर कायम रहते हैं, तो जनता आने वाले चुनावों में उन्हें उचित जवाब देगी।

### निंदावन गांव में गिद्धों ने मृत मवेशी को बनाया आहार

**अनूपपुर।** अनूपपुर तहसील एवं वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सकरा एवं वन बीट खम्हरिया अंतर्गत निदावन गांव में शनिवार की सुबह गांव के निवासी कल्याण सिंह के घर के पास स्थित शिव तालाब के समीप अज्ञात कारणो से मृत फालतू मवेशी के शव को अपना आहार बनाने के लिए 25 से 30 की संख्या में विलुप्त प्रजाति के गिद्ध जो भारतीय देशी प्रजाति के गिद्ध है के द्वारा सुबह पहुंचकर मृत मवेशियों को मवेशी के शव को अपना आहार बनाया अचानक भारी संख्या में पहुंचे गिद्धों को देखने के लिए ग्रामीण इकट्ठा हुए तभी अचानक ग्रामीणों को देखकर गिद्ध उड़ कर वापस जंगल की ओर चले गए पिछले वर्ष भी गणना के तीसरे दिन निदावन गांव में 40 से 50 की संख्या में गिद्ध एक मृत मवेशी को अपना आहार बनाने के लिए निरंतर तीन दिनों तक विचरण करते रहे हैं। ज्ञात हो कि फरवरी माह में मध्यप्रदेश शासन के वनविभाग द्वारा 17 से 19 फरवरी के मध्यप्रदेश में घटते गिद्धों की संख्या पर गिद्धों के संरक्षण हेतु तीन दिवसीय गणना करायी रही है जिसमें अनूपपुर वन मंडल अंतर्गत अनूपपुर वन परिक्षेत्र के बड़हर,किरर तथा औढेरा बीट के जंगलो में एवं वन परिक्षेत्र अहिरवां के कठौतिया पूर्व, कठौतिया पश्चिम एवं जुगवारी वन बीटो में तीन दिनों की गणना दौरान 1226 गिद्धों की गणना की गई थी।

# साइबर अपराध को लेकर छात्र-छात्राओं को दी जानकारी

डिंडौरी करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रैतवार के हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दरमियान में शनिवार को बढ़ते साइबर अपराध के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

डिंडौरी



इस मौके पर प्राचार्य श्री प्रमोद वास्पे ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इन्होंने छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम से सतर्क रहने अहम जानकारी देते हुए बचाव का तरीका बताते हुए कहा कि वर्तमान में विश्वसनीय इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म का ही उपयोग करें। साथ ही टू स्टेप वेरिफिकेशन, टू-फैक्टर अथनाटिकेशन चालू रखें, अपने ईमेल आईडी सोशल मीडिया प्रोफाइल, ई वायलेट, नेटबैंकिंग आदि के पासवर्ड मजबूत रखें।आनलाइन शापिंग के लिए मान्यता प्राप्त ई-कामर्स वेबसाइट व ऐप्स ही प्रयोग करें। जबकि अनजान नंबरों से आए वीडियो काल न अटेंड करें। वहीं किसी व्यक्ति के कहने पर कोई भी अनजान एप्लिकेशन डिवाइस में इंस्टाल न करें। क्योंकि वर्तमान के तकनीकी युग में तकनीक एक सुविधा के साथ खतरा भी है। जिसके लिए समय पर जागरूक होना बहुत आवश्यक हो गया है। यदि किसी व्यक्ति के साथ किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी हो तो वह राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल काल कर शिकायत दर्ज करें और नजदीकी थाना में जाकर सूचना दें।आगे संबोधन की कड़ी में प्रो शमशेर सिंह ने डिजिटल माध्यमों से हो रही धोखाधड़ी, फर्जी कस्टमर केयर नंबर, बैंकिंग धोखाधड़ी, फेक लॉटरी, जाब फ्राड, आनलाइन ठगी, लोन एपधोखाधड़ी पर विस्तार से जानकारी प्रदान कर इससे बचाव के लिए सतर्कता बरतने की अपील की ।प्रो अजय कुमार सिंह ने साइबर सुरक्षा बचाव का तरीका बताया। इसी तरह के के द्विवेदी ने छात्रों को साइबर अपराधियों द्वारा अपनाये जाने वाले तरीकों की विस्तार से जानकारी दी ।

यह रहें उपस्थित -साइबर गोष्ठी कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रोफेसर रूपेश सिंह अनीता पटेल प्रोफेसर अनिल पटेल एवं ग्राम रैतवार के पंचायत सदस्य भवन सिंह श्याम सियाराम मरावी जय सिंह श्याम एवं अन्य गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम का विधिवत संचालन प्रोफेसर अजय कुमार सिंह ने किया एवं कार्यक्रम में प्रो एस एस सिंह ने आभार व्यक्त किया।

## परीक्षा केंद्र माध्यमिक विद्यालय जोगीग्वारा किया निरीक्षण



डिंडौरी

राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देश अनुसार कक्षा आठवीं और पांचवीं की वार्षिक परीक्षा संचालित हो रही है। इसी तारतम्य में करंजिया विकास खंड के परीक्षा केंद्र एकीकृत माध्यमिक विद्यालय जोगीग्वारा में करंजिया विकास खंड शिक्षा अधिकारी आर के पांडे जी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा शांति पूर्ण रूप से संचालित पाया गया। जहां पांचवीं कक्षा का अंतिम पेपर अंग्रेजी था, वहीं कक्षा आठवीं में सामाजिक विज्ञान का पेपर था। कक्षा पांचवीं में 41 एवं कक्षा आठवीं में 58 छात्रों ने भाग लिया। विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान शौचालय साफ सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति भी देखी। केन्द्राध्यक्ष कोमल सिंह मार्को सहायक केन्द्राध्यक्ष राम कुमार गर्ग और पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में परीक्षा शांति पूर्ण होने पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने संतुष्ट होने के साथ अपने सुझाव दिए। राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देश अनुसार करंजिया बीआरसी अजय राय के कुशल निर्देशन में बीएसी और जन शिक्षकों के सहयोग से पूरे विकास खंड में कक्षा आठवीं और पांचवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा शांति पूर्ण रूप से समपन्न हो रही है। जनपद शिक्षा केन्द्र और उनकी टीम द्वारा लगातार परीक्षा केन्द्रों का जायजा लिया जा रहा है।

## जिला प्रशासन के प्रयासों से लगातार रोके जा रहे बाल विवाह

डिंडौरी

ग्राम किकरझर में बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर कार्यवाही करते हुए महिला बाल विकास विभाग एवं पंचायत विभाग द्वारा ग्राम में हो रहे बाल विवाह को रोका गया। जानकारी के अनुसार वर की आयु आदर्श आयु से कम पायी गयी,संयुक्त टीम ने परिवार को समझाइश देकर समझाया कि विवाह के लिए लड़की की आदर्श आयु 18 वर्ष और लड़के की आदर्श आयु 21 वर्ष है। समझाइश के बाद परिवार के सदस्यों ने सहमति से निश्चय किया कि आदर्श आयु में ही विवाह संपन्न करेंगे। जिला प्रशासन लगातार बाल विवाह रोकने के लिए सार्थक प्रयास कर रहा है। बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होने पर महिला बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, जनपद पंचायत और राजस्व विभाग के संयुक्त अमले ने बाल विवाह के बारे में वर वधु के माता पिता को समझाया, समझाइश के साथ ही ये भी बताया गया कि बाल विवाह करना और करवाना एक कानूनी अपराध है, बाल विवाह करने वालों के समस्त शासकीय लाभ पर प्रतिबन्ध लग जाता है, समझाइश के बाद दोनों पक्ष ने सहमति के साथ विवाह योग्य आयु होने पर ही विवाह करने का लिखित वचन दिया, जिला प्रशासन की तत्परता के फलस्वरूप बाल विवाह रोकने में सफलता प्राप्त हुई।



## झारिया सेवा समिति के तत्वाधान में निशुल्क विशाल नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण का हुआ आयोजन





शहपुरा

झारिया मेहरा सेवा समिति शहपुरा डिंडोरी के तत्वाधान में लगातार समाज उत्थान,और समाज सेवा को लेकर कार्य कर रही है और लगातार करते आ रही है। इसी तरह लगभग 2 वर्षों से हर महीने की 2 तारीख को शहपुरा नगर झारिया धर्मशाला में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है इसी को लेकर आज 2 मार्च 2025 दिन रविवार को विशाल निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं निशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम रखा गया जिसमें लगभग 35 मरीजों को जांच उपरांत निशुल्क आंख ऑपरेशन के लिए बस सुविधा से चित्रकूट भेजा गया। यह आयोजन विगत 2 वर्ष से चित्रकूट की सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय अंतर्गत श्री सद्गुरु सेवा ट्रस्ट संघ चित्रकूट के तत्वाधान में झारिया मेहरा समिति शाहपुरा के सौजन्य से लगातार जारी है। सतगुरु सेवा ट्रस्ट से आई डॉक्टर अमित पाठक ने लोगों की जांच कर 35 लोगों को चित्रकूट आंख ऑपरेशन के लिए भेजा है।इस विशाल नेत्र शिविर आयोजन में समाज के सभी वर्ग के लोग शामिल होकर अपना स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं झारिया मेहरा समिति शहपुरा समाज उत्थान में बेहतर काम कर रही है। कार्यक्रम के दौरान झारिया मेहरा समाज के अध्यक्ष उमा प्रसाद झारिया महेंद्र प्रसाद झारिया पृथ्वी झारिया भीखू लाल झारिया, देवलाल झारिया,लाला प्रसाद झारिया, दद्दू प्रसाद झारिया, संदीप गोलियां सहित अन्य स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

## पति ने की पत्नी की निर्मम हत्या, क्षेत्र में फैली सनसनी

शहपुरा



शहपुरा नगर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां चरित्र पर संदेह के चलते एक पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से लाठी से पिटाई कर उसकी हत्या कर दी। यह घटना शनिवार रात की बताई जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही शहपुरा थाना प्रभारी अनुराग जामदार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

पुलिस जांच में जुटीपुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। बताया जा रहा है कि पति को अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था, जिसके कारण उसने इस घटना को अंजाम दिया।इस हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। स्थानीय लोग इस निर्मम हत्या की निंदा कर रहे हैं और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का पूरे सप्ताह भर हुआ भव्य आयोजन पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय धमनगांव




शहपुरा

नवोदय विद्यालय समिति के तत्वाधान में संचालित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में भारत रत्न सी. वी. रमन जी की याद में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का पूरे सप्ताह भर विभिन्न कार्यक्रमों का बड़े ही धूमधाम से आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विज्ञान शिक्षक अल्का विश्वकर्मा, मधुवन्त राव धुर्वे, आयुष लहरिया, ज्योत्सना गुप्ता के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजन एवं संचालन किया गया। इस वर्ष विज्ञान दिवस एवं पीएम गतिविधियों के अंतर्गत तारामंडल शो, टेलीस्कोप परिचालन कार्यशाला एवं विभिन्न कार्यक्रमों जिसमें विज्ञान दौड़, तात्कालिक भाषण, वैज्ञानिक काव्य वाचन प्रतियोगिता, भाषण, विज्ञान प्रदर्शनी एवं विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इन सभी में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया। कार्यक्रम के पश्चात, प्राचार्य डॉ. हर्ष प्रताप सिंह द्वारा सभी प्रतिभागियों को ज्ञानवर्धक पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं उन्हें वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखने हेतु प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को आयोजित कराने में विद्यालय के शिक्षकगण संचिता बनर्जी, सुनीता गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार सोनकर, केशव सिंह धुर्वे, कविता देवी, सभाजीत, जे. वाई. बोरकर, रामानंद, योगेश्वर वर्मा, राहुल कुमार, रमेश बिश्नोई, शालिनी, अजय कुमार, अजीत कुमार, नरेंद्र दुबे, दीक्षा तिवारी, इंजमाम उल हक, नरूल हसन, आरती बेलिया, रोहित चौरसिया, आदि ने विशेष योगदान दिया एवं विद्यार्थियों को उत्साह वर्धन कर मार्गदर्शन प्रदान किया।

## सुनिधि उसराठे सिल्वर मेडल से सम्मानित



महेंदवानी डिंडोरी

पुलिस थाना मेंहदवानी में पदस्थ थाना प्रभारी श्याम सुंदर उसराठे की पुत्री सुनिधि उसराठे को होम साइंस कालेज जबलपुर में शनिवार को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया। सुनिधि उसराठे को यह सम्मान होम साइंस कालेज जबलपुर में एम एस सी फाइनल ईयर में बॉटनी सब्जेक्ट पर कॉलेज में दूसरा स्थान हासिल करने पर होम साइंस कालेज जबलपुर द्वारा दिया गया है। सुनिधि उसराठे की इस उपलब्धि पर शुभचिंतकों ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित किया गया है।

## भीड़ का फायदा उठाकर बाजार में चल रहे नकली नोट




**कोतमा।** नगर में होली का त्योहार आते ही नकली नोटों का प्रचलन शुरू हो गया है। नगर में नकली नोट बाजार में दिखाई देने लगे हैं। जिससे पुलिस एवं बैंक अधिकारियों को इस पर ध्यान देना होगा। पूर्व में भी नगर में नकली नोट बाजार में चलाने का प्रयास किया गया था। एक बार फिर नकली नोटों का कारोबार नगर सहित कोयलांचल क्षेत्र में फिर फैल रहा है। जहां सौ रुपए के नकली नोट बाजार में मिले हैं। कोतमा कोयलांचल क्षेत्र में एक बार फिर से नकली नोटों के बाजार में मिलने से व्यापारियों में हड़कंप देखा जा रहा है। बताया जाता है कि एक व्यापारी द्वारा अपनी गाड़ी सुधरवाने के एवज में गैराज संचालक को 100 रूपये का नोट दिया जिसे बारीकी से जांच करने पर पाया गया कि नोट नकली था। इसके बाद दोनों के बीच कुछ कहा सुनी भी हुई। ज्ञात हो कि नगर में पूर्व में भी कई बार नकली नोट के मामले सामने आ चुके है। जिसके बाद व्यापारियों द्वारा थाना एवं बैंक तक शिकायत की गई थी। पुनः नकली नोट सामने आने के बाद व्यापारियों में टेंशन बढ गया है। गैरेज संचालक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वह बड़ी गाड़ियों की रिपेयरिंग का कार्य करता है एक सप्ताह पूर्व नगर के एक व्यक्ति के द्वारा अपने वाहन की रिपेयरिंग करवाई और मुझे सौ रुपए का नोट देकर चला गया। बाद मे मैंने देखा तो सौ रुपए का नोट नकली था। इससे स्पष्ट होता है कि नगर के बाजार में नकली नोटों का प्रचलन शुरू हो चुका है। स्थानीय लोगों में नकली नोटों को लेकर परेशानी बन गई है। लोगों ने पुलिस एवं प्रशासन से नकली नोट चलाने वाले गिरोह पर कार्यवाही करने की मांग की है ।

## खबर संक्षेप

### सीईओ ने किया प्राथमिक शाला डुंगरिया व बिजौरी का निरीक्षण



**नरसिंहपुर।** सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने प्राथमिक शाला बिजौरा व डुंगरिया का औचक निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने यहां कक्षा पहली, दूसरी एवं तीसरी के बच्चों को पढ़ाया। उन्होंने बच्चों से जोडना व घटाना के बारे में पूछा और अपने समक्ष करवाया। यहां मौजूद शिक्षक श्री ठाकुर को बच्चों को एफएलएन पर आधारित शिक्षण की गतिविधि कराने के निर्देश दिये। प्राथमिक शाला डुंगरिया में निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने शिक्षण संबंधी जानकारी शिक्षकों से ली।

### आज स्वास्थ्य केन्द्र खुरपा में लगाया जायेगा नसबंदी शिविर

**नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में माह मार्च 2025 में महिला एवं पुरूष नसबंदी- एनएसव्हीटीध एनटीटी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि विकासखंड नरसिंहपुर के अंतर्गत 3 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुरपा में महिला एवं पुरूष नसबंदी- एनएसव्हीटीध एनटीटी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है। डॉ. इति चांदोलकर एवं सहायक सर्जन डॉ. शिप्रा कौरव द्वारा फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल में नसबंदी ऑपरेशन में अपनी सेवायें देंगे।

### श्रीकांत पाटर को तेंदूखेड़ा नगर पालिका का अतिरिक्त प्रभार

**तेंदूखेड़ा** 15 जनवरी को तेंदूखेड़ा नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर सहायक कलेक्टर शुभम कुमार यादव को प्रभार सौंपा गया था। जिन्हें नगर निगम जबलपुर में प्रशिक्षण पर रहने की स्थिति में उन्हें मुख्य नगर पालिका अधिकारी पद से भारमुक्त किया गया है।उनके स्थान पर पूर्व में तेंदूखेड़ा में पदस्थ रहे तथा वर्तमान करेली नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर को तेंदूखेड़ा नगर परिषद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जिन्होंने शनिवार को अपना दायित्व संभाल लिया है।

### जिला क्रिकेट संघ सीनियर टीम का चयन संपन्न

**उमरिया।** जिला क्रिकेट संघ उमरिया की सीनियर टीम का चयन स्थानीय अमर शहीद स्टेडियम में खिलाड़ियों के कला कौशल और तकनीक के आधार पर चयन किया गया चयन के दौरान जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राकेश शर्मा सचिव नीरज चंदानी सदस्य राकेश राउत ब्रजेश शर्मा चयनकर्ता मानसिंह हिमांशु यादव संदीप सतनामी मौजूद रहे। जिला सीनियर टीम का चयन 15 खिलाड़ियों का किया जिसमें आशीष रघुवंशी आशीष रैतवाल मासूम रजा अभय राउत आयुष तिवारी नफीस सिद्दीकी, अखिलेश सिंह ,कौशल सिंह ,अभिराज दहिया ,रोशन केवट ,जिज्ञास मिश्रा, मुकेश नागवंशी, हिमांशु मिश्रा, रामकृष्ण सोनी शामिलहै। टीम कल शहडोल के लिए रवाना होगी जहां वह अपना दो दिवसीय मैच अनूपपुर के खिलाफ खेलेगी टीम के कोच हिमांशु यादव बनाए गए जिला क्रिकेट संघ के सभी पदाधिकारीयों ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके अच्छे खेल प्रदर्शन की कामना की है।

### सीईओ जिला पंचायत ने किया विभिन्न ग्रामों का निरीक्षण

**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने गत दिवस ग्राम पंचायत बिजोरी, भमरहा, बरखेड़ा , मझखेता, पातोर, कोडार का निरीक्षण किया । ग्राम बिजोरी में आवास प्लस, सर्वे ई केवाईसी एवं किसान कल्याण सर्वे का निरीक्षण किया द्य आपने कहा कि आवास का निर्माण गुणवत्ता पूर्ण कराए। ग्राम पंचायत भमरहा में पीएम जनमन के अंतर्गत निर्मित आंगनवाड़ी भवन का स्थल निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।

नर्मदा सेवा परिक्रमा के तहत मां नर्मदा पथ के परम तपस्वी अवधूत संत श्री दादा गुरु का वटकेश्वर मंदिर विपतपुरा में हुआ आगमन

# मां नर्मदा हमारे लिए अनमोल धरोहर - दादा गुरु







### बड़ी संख्या में भक्तजन दादा गुरु के दर्शन और चरण वंदना के लिए शामिल हो रहे हैं

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मां नर्मदा सेवा परिक्रमा के तहत मां नर्मदा पथ के परम तपस्वी अवधूत संत श्री दादा गुरु का आज नरसिंहपुर आगमन हुआ है। नर्मदा नदी को प्रदूषणमुक्त कराने के लिए दादा गुरू के नाम से मशहूर संत बीते चार सालों से भोजन को त्याग कर सिर्फ नर्मदा जल पीकर जिंदा है। दादा गुरू सिर्फ नर्मदा का जल पीकर न केवल स्वस्थ्य है बल्कि शारीरिक और मानसिक रूप से फिट भी हैं। पिछले चार साल से भी अधिक समय से अखण्ड निराहार महाव्रत साधना में रत अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरुजी का माँ नर्मदा सेवा परिक्रमा के दौरान विपतपुरा वटकेश्वर महादेव धाम में आगमन हुआ । इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा उनका स्वागत पुष्पवर्षा द्वारा किया गया।

उक्त जानकारी देते हुए वटकेश्वर महादेव उत्सव समिति से जुड़े सुभाष चैरसिया ने बताया कि आगमन अवसर पर दादा गुरु के साथ विविध राज्यों के लगभग सात-आठ सौ नर्मदा परिक्रमा वासी भी थे।दादा गुरु ने भगवान् महादेव का पूजन अर्चन कर उपस्थित जनों को आशीष प्रवचन दिए,अपने आशीष वचन में श्री दादा गुरु ने बताया कि नर्मदा परिक्रमा एक ऐसी साधना है जिसके अंतर्गत माँ नर्मदा के पथ पर चलने मात्र से व्यक्ति का चरित्र परिवर्तन होता है। नर्मदा मिशन एक ऐसा अभियान है जो करोड़ों जिंदगियों को बचाने की मुहिम, प्रकृति पूजा, ईश्वर की सगुण उपासना का संदेश देता है। दादागुरु का कहना है। पृथ्वी पर मानव सभ्यता का विकास नर्मदा जी के आंचल में हुआ। देवी नर्मदा भूमंडल की अधिष्ठात्री और जीवन का आधार और जीवन जीने की कला का प्राकृतिक केंद्र है। सदियों से नर्मदा जगत का कल्याण करती आई है। दादा गुरु का कहना है कि जीवनदायिनी मां नर्मदा की अब सेवा करने का हमारा समय आया है। इसी उद्देश्य को लेकर मां नर्मदा मिशन का गठन हुआ। नर्मदा मिशन एक संत की परिकल्पना है जो मानव को प्रकृति के और मानव को मानव के करीब लाती है। दादा गुरु के आह्वान पर कई लोगों ने नर्मदा के तटीय इलाकों में पौधारोपण किया है।

दादा गुरु के सानिध्य में मां नर्मदा, प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण पर कई कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं। दादा गुरु कहते हैं कि मां नर्मदा हमारे लिए अनमोल धरोहर है और इसका स्वरूप बचाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

### गुरुदेव के साथ अनुयायी भी चल रहे

गुरुदेव पैदल नर्मदा सेवा परिक्रमा पर तीसरी बार निकले हैं। नर्मदा पथ पर आने वाले सभी स्थानों पर रोजाना दादा गुरु के सत्संग, प्रवचन के श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन शामिल हो रहे हैं। नर्मदा परिक्रमा में भी गुरुदेव के साथ बड़ी संख्या में उनके अनुयायी चल रहे हैं।इन्होंने नर्मदा मिशन के माध्यम से मां नर्मदा की स्वच्छता पवित्रता को अक्षुण्ण बनाए रखने और नर्मदा के तटीय इलाकों में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार चार वर्षों से अकल्पनीय निराहार साधना का महाव्रत लिया है। उक्त अवसर पर प्रदीप उपाध्याय,धर्मेन्द्र उपाध्याय,छोटू उपाध्याय,रमेश श्रीवास्तव,महेश श्रीवास्तव, श्रीराम नेमा, मोतीलाल बंजारा,सुभाष चैरसिया,रमाकांत बाथ सहित अनेक भक्त जनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## रेलवे ब्रिज के पास जानलेवा गड्ढे से हर दिन हो रहे हादसे, जिम्मेदार बने अंजान

**कोतमा।**



रेल प्रबंधन यात्रियों एवं आम नागरिकों के प्रति कितनी संवेदनहीन है इसका उदाहरण कोतमा स्टेशन परिसर में रेलवे ब्रिज के पास पिछले कई दिनों से निर्मित जानलेवा गड्ढे से समझा जा सकता है। बताया जा रहा है कि रेलवे ब्रिज के पास पिछले दो हफ्तों से ज्यादा समय से बीच सड़क पर बड़े आकार का गड्ढा बना हुआ है जिसके कारण आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं। रात में अंधेरा होने के कारण उक्त गड्ढा नहीं दिखता जिस कारण से जल्दी में रेलवे स्टेशन जाने वाले हड़बड़ी में गिरकर चोट खा रहे हैं। स्थानीय यात्रियों एवं जागरूक लोगों द्वारा कई बार स्टेशन मास्टर समेत रेलवे के कमर्शियल विभाग को सूचना दी गई उसके बाद भी रेलवे के जिम्मेदार लोगों द्वारा अभी तक गड्ढे का सुधार कार्य नहीं कराया गया। इसी मार्ग से विधायलीन छात्र व राहगीर स्कूल कॉलेज, न्यायालय, तहसील, थाना, जमुना, भालूमाड़ा सहित अन्य शासकीय कार्यालय भी जाते है। नगर के अभिषेक जैन, संदीप, राहुल, अमित सहित अन्य लोगों ने रेलवे के उच्च अधिकारियों से किसी बड़ी दुर्घटना के पूर्व सुधार करवाने की मांग की है जिससे आवागमन मार्ग सुगम हो सके।

## राज्य स्तरीय शिविर में जिले के स्वयंसेवकों का हुआ चयन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** ‹




राज्य स्तरीय शिविर जो कि अनूपपुर अमरकंटक में आयोजित किया जा रहा है । नरसिंहपुर जिले के स्वयंसेवकों का चयन हुआ। जिसमें प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर से राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई से नेहा चैधरी तथा छात्र इकाई से साहिल खान, शासकीय श्यामसुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय से पूना जाटव , संत मोनी सर्वोदय महिला महाविद्यालय तेंदूखेड़ा से मुस्कान विश्वकर्मा का चयन हुआ इस अवसर पर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से डॉ. शोभाराम मेहरा, तथा स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के स्वयंसेवकों में दलनायिका शिखा वर्मा, सहदलनायिका राशिका चैरसिया, कविता यादव, सुहानी यादव, छात्र इकाई से मीडिया प्रभारी रोहित नौरिया, देवांश पचैरी, सहदलनायक मानस गुप्ता, सौरभ कुशवाहा ,ब्रजेश चैधरी आदि के द्वारा स्वयंसेवकों को शिविर के लिए रवाना किया गया एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर बी सिंह एवं समस्त शिक्षकों और राष्ट्रीय सेवा योजना परिवार के द्वारा स्वयंसेवकों को शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं ।

## निर्माण कार्य में लगे 115 मजदूरों ने लिया शिविर का लाभ मजदूरों का स्क्रीनिंग व एक्स- रे कराया गया

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**





राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 100 दिवसीय निक्षय अभियान के तहत डीटीसी नरसिंहपुर टीयू- शहरी के अंतर्गत खैरीनाका में निर्माणाधीन सीएम राईज स्कूल नरसिंहपुर में लगे मजदूरों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान निर्माण कार्य में लगे 115 मजदूरों के क्षय रोग की स्क्रीनिंग कर संभावित लोगों के खकार के सेंपल एकत्रित किये गये। इस दौरान एक्स-रे भी कराया गया।

निक्षय शिविर के दौरान मजदूरों को टीबी के बारे में जागरूक किया गया। टीबी से कैसे बचा जाये एवं टीबी के क्या लक्षण है, इसकी जानकारी भी शिविर के दौरान दी गई। उन्हें बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति को चलने में सांस भरना, लगातार खांसी आना, भूख नहीं लगना, वजन कम होना, रात को पसीना आना जैसे टीबी के सामान्य लक्षण हो सकते हैं। इसके लिए निरूशुल्क एक्स- रे करवायें। अगर मरीज टीबी पॉजीटिव आता है, तो उसको 6 माह तक दवाई लेना होती है, दवाई में किसी भी दिन का कोई गैप नहीं होना चाहिये। टीबी का मरीज दवाई लेने पर ठीक हो जाता है। टीबी कोई घातक बीमारी नहीं है। अगर जांच में मालूम पड़ जाता है कि किसी व्यक्ति को टीबी है, तो दवाई जरूर लेना चाहिये। दवाई का नियमित उपयोग करने से व्यक्ति पूर्ण स्वस्थ हो जाता है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 25 मार्च 2025 तक 100 दिवसीय निक्षय शिविर का आयोजन जिले में किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य है कि टीबी उन्मूलन के प्रयासों को और अधिक गति देने और जन जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस दौरान जिले में 100 दिन टीबी की व्यापक स्तर पर स्क्रीनिंग, जांच, उपचार व जनजागरूकता को सुनिश्चित किया जा रहा है।

## समृद्ध नारी थीम पर विशेष वित्तीय साक्षरता कैंप संपन्न





**उमरिया।**

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा घोषित वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025 के अंतर्गत आरबीआई एवं लीड बैंक भारतीय स्टेट बैंक उमरिया द्वारा जनपद पंचायत मानपुर जिला उमरिया में वित्तीय समझदारी - समृद्ध नारी विषय पर एक विशेष वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया। इस विशेष वित्तीय साक्षरता कैंप का उद्देश्य महिलाओं को वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग जागरूकता, और सतर्क बैंकिंग व्यवहार के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम में भारतीय रिज़र्व बैंक, भोपाल के एलडीओ रामनगर ,अग्रणी जिला प्रबंधक उमरिया सेवक राम सोनवानी तथा भारतीय स्टेट बैंक शाखा मानपुर के शाखा प्रबंधक ,फील्ड ऑफिसर एवं राज्य आजीविका मिशन के समस्त स्टाफ उपस्थित थे । एलडीओ रामनगर द्वारा बैंकिंग प्रणाली, साइबर सुरक्षा, डिजिटल बैंकिंग, ऋण योजनाएँ, बचत खाते, और वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

# प्रदेश पदाधिकारियों के हस्तक्षेप से काम पर वापस लौटे सफाई कर्मचारी

**तेंदूखेड़ा**

पिछले एक पखवाड़े से हड़ताल पर चल रहे सफाई कर्मचारियों के कारण नगर में सफाई व्यवस्था बेपटरी बनीं हुई है। रविवार को जब स्थिति ज्यादा गंभीर हुई तो सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम डागरा ने मोर्चा संभाला और तेंदूखेड़ा पहुंच कर नगर परिषद के अधिकारियों तथा मौके पर पहुंचे स्थानीय प्रशासन के स्थानीय अधिकारियों से चर्चा की गई।तब कहीं सामांजस्य बना और सफाई कर्मचारियों ने का पर वापस लौटने की बात कही।इन कर्मचारियों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला था इसलिए हड़ताल पर चले गए थे। लेकिन स्थानीय प्रशासन ने तीन अलग-अलग तारीखों में वेतन डालने का आश्वासन दिया तब कहीं बात बनीं।

### हर माह वेतन को लेकर सफाई कर्मी हड़ताल पर चल रहे थे

सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी राजेश पथरोल ने बताया कि पिछले एक पखवाड़े से नगर की सफाई व्यवस्था बेपटरी बनी हुई है। जिसका मुख्य कारण सफाई कर्मचारियों को हर माह वेतन ना मिलना है। हड़ताल पर गये कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें हर माह वेतन





नहीं मिलता इसके पूर्व भी उनके द्वारा कलेक्टर महोदया को जनसुनवाई के दौरान शिकायत दर्ज कराई थी।तब कहीं जाकर उन्हें एक माह का वेतन मिल सका है फिर भी अभी तीन माह का वेतन शेष बना हुआ है।जब जब वेतन की मांग की जाती है तब तब उन्हें हटाने की धमकी दी जाती है। सफाई कर्मियों का कहना है कि परिवार चलाने के लिए हर माह वेतन जरुरी है लेकिन हर माह वेतन नहीं मिलता।

### बाहर से बुलाए गए सफाई कर्मी

वे पटरी हुई सफाई व्यवस्था से नगर में जहां तहां कचड़े के ढै र लगे हुये थे ऐसी स्थिति में बाहर दूसरी नगर परिषदों से रविवार को कुछ सफाई कर्मी भिजवाये गये थे। लेकिन स्थानीय सफाई कर्मचारियों ने उन्हें सफाई करने से रोक दिया।हाट टाक की स्थिति की अशंका को भांपते हुए तत्काल प्रभाव से स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने हस्तक्षेप किया।तब कहीं स्थिति सामान्य हुई।इसी बीच स्थानीय कर्मचारी नगर परिषद के सामने तरफ बैठे रहे और प्रदेश पदाधिकारियों को इस विषय पर हस्तक्षेप करने वाध्य किया तब जाकर उनके आने के बाद स्थिति पुनः पटरी पर लौटी।

### *इनका कहना है*

सफाई कर्मचारियों को पिछले तीन चार माह से वेतन भुगतान को लेकर समस्या बनी हुई थी। रविवार को इस संबंध में विस्तार से चर्चा हुई है होली त्योहार के पूर्व जनवरी तक का भुगतान कर दिया जाएगा जिस पर सहमति बन गई है। और सफाई कर्मचारी भी काम पर वापस लौट आये है।

**श्रीकांत पाटर**
**प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**तेंदूखेड़ा**